तापमान
अधिकतम 41 डिग्री
न्यूनतम 27 डिग्री

# हरिभूमि कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार 25 मई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


4 सुंदरपुर विद्यालय के छात्रों ने मलखंभ में दिखाया हुनर




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
25 मई 2026
कूपन नं.
1


**राम कथा का सातवां दिन**

### जगद्गुरू रामभद्राचार्य महाराज ने किया भावपूर्ण वर्णन, मंत्रमुग्ध हुए श्रोता

# भरत का चरित्र संपूर्ण समाज के लिए धर्म पालन की सर्वोच्च प्रेरणा

**डोमनहिल।** एमसीबी जिले के चिरमिरी क्षेत्र स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में 17 मई से आयोजित श्रीराम कथा के सातवें दिन पूज्य जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज ने भरत चरित्र का अत्यंत मार्मिक एवं विस्तृत वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने भरत के त्याग, भाई प्रेम, वैराग्य और आदर्श जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भरत का चरित्र संपूर्ण मानव समाज के लिए निष्काम प्रेम, कर्तव्य और धर्म पालन की सर्वोच्च प्रेरणा है।

उन्होंने कहा कि भरत ने अयोध्या का राजपाट त्यागकर प्रभु श्रीराम की खड़ाऊं को सिंहासन पर स्थापित किया और स्वयंसेवक की तरह रहकर राज्य का संचालन किया। यह त्याग और समर्पण भारतीय संस्कृति में भ्रातृत्व प्रेम की सबसे बड़ी मिसाल है। कथा के दौरान जगदगुरू ने कहा कि भरत और श्रीराम का प्रेम संसार में अद्वितीय है, जहां सत्ता और संपत्ति भी भाइयों के बीच दूरी नहीं ला सकी। उन्होंने बताया कि भरत का मन भौतिक सुखों से सदैव विरक्त रहा और उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन प्रभु श्रीराम को समर्पित कर दिया। उन्होंने सनातन संस्कृति के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि भरत चरित्र हमें यह शिक्षा देता है कि मनुष्य को सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर धर्म, नीति और परिवार के प्रति अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। कथा के मध्य क्षेत्र के वर्षों से अन्न त्याग चुके वृद्ध त्यागी बाबा सहित जगन्नाथ मंदिर के पुजारी पुरूषोत्तम पुरी जी महाराज एवं लक्ष्मी पुरी जी महाराज पहुंचे, जिनका स्वागत प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल तथा दीपू जी महाराज ने अंगवस्त्र ओढ़ाकर किया। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष अंबिकापुर से आए भरत सिंह सिसोदिया के साथ हरमिंदर सिंह एवं शैलेन्द्र सिंह ने आरती में भाग लेकर पूज्य जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।

कथा के दौरान पूज्य महाराज ने कहा कि देश का नाम हिन्दुस्तान के स्थान पर हिन्दुस्थान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता और समाज में हर व्यक्ति बड़े पद पर नहीं पहुंच सकता, ऐसे में हिन्दू समाज के बच्चों को राष्टहित को ध्यान में रखते हुए छोटे से छोटा कार्य भी पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करना चाहिए।





## बैकुंठपुर से रोज रवाना हो रही बस



जगद्गुरू श्री रामभद्राचार्य महाराज के श्रीराम कथा कार्यक्रम चिरमिरी गोदरीपारा में 17 मई को भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू हुई। इसके बाद से लगातार श्रीराम कथा का आयोजन प्रतिदिन किया जा रहा है। शहर व आस-पास के श्रद्धालुओं को श्रीराम कथा स्थल पर लाने ले जाने के लिए देवराहा बाबा सेवा समिति बैकुंठपुर द्वारा निःशुल्क बस की सुविधा प्रदान की गई, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु आयोजित श्रीराम कथा में पहुंच कर लाभ प्राप्त करें। देवराहा बाबा सेवा समिति द्वारा शनिवार को भी दो बसों से श्रद्धालुओं को गोदरीपारा चिरमिरी कथा स्थल तक ले जाया गया और कथा के समापन पश्चात ले जाए गए सभी श्रद्धालुओं को वापस लाया गया। इस तरह प्रतिदिन देवराहा बाबा सेवा समिति के तत्वाधान में शहर व आस पास क्षेत्र के श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क दो बसों की सेवा प्रदान की गई। इस सेवाभाव कार्य के लिए श्रद्धालुओं ने देवराहा बाबा सेवा समिति का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप

### शहर के मानस भवन में शिविर आज

**बैकुण्ठपुर।** आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन कोरिया द्वारा 25 मई को नगर पालिका बैकुंठपुर में सुशासन त्योहार के तहत जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर शहर के मानस भवन में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी तरूण एक्का ने बताया कि शिविर में नगर के वार्डों के नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। यहां विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविर की विशेषता यह रहेगी कि जिला प्रशासन के सभी प्रमुख विभाग एक ही स्थान पर अपने स्टॉल लगाएंगे, जहां नागरिक अपनी समस्याओं का सीधे दर्ज करा सकेंगे और संबंधित अधिकारियों द्वारा उनका त्वरित निराकरण किया जाएगा।

### निःशुल्क अध्ययन हेतु विद्यार्थियों ने दी परीक्षा

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर शुक्रवार को मल्टीपरपज हायर सेकेण्डरी स्कूल में जिलेभर के मेधावी विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 9वीं, एवं 12वीं गणित एवं जीव विज्ञान संकाय में प्रवेश हेतु परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 188 विद्यार्थियों ने भागीदारी ली तथा बहुविकल्पीय आधारित 150 प्रश्नों को 3 घंटे में हल किया। शिक्षा विभाग द्वारा विगत तीन वर्षों से सरगुजा-30 संचालित है जिसमें चयनित विद्यार्थियों का शासकीय बहुउद्देशीय उमावि में निःशुल्क शिक्षा दी जा रही है तथा छात्र-छात्राओं हेतु जिला खनिज न्यास मद से पृथक छात्रावास एवं भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है।

### फटकार से क्षुब्ध बालक ने पी लिया जहर, मौत

**अम्बिकापुर।** पिता के फटकार से क्षुब्ध हुए बालक ने घर में आकर जहर पी लिया। परिजन बालक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम कमलपुर निवासी ओबजीत बर्मन आ. चितरंजन बर्मन (14 वर्ष) 9 मई को परिजन के साथ घर के बाड़ी में गेंदा फूल तोड़ रहा था। इसी दौरान पिता ने कम फूल तोड़ने और अधिक फूल गिराने में फटकार लगाकर घर भेज दिया। इसी दौरान पत्नी ने फोन कर पति को बताया कि बेटा ओबजीत ने जहर पी लिया है और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराने लेकर जा रहे है। पिता जब मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा तो देखा बेटा का उपचार चल रहा है। इसी बीच परिजन ने बेहतर इलाज कराने के लिए शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान बालक की मौत हो गई।

### चोरों ने कुंडी तोड़ पार किया बोर मशीन

**अम्बिकापुर।** चोरों ने सूना धर के कुंड़ी तो तोड़ बोर मशीन सहित अन्य सामान पार कर दिया। मकान मालिक ने घटना की शिकायत कोतवाली में की है। बौरीपारा महादेव गली निवासी रमेश सोनी आ. अवध किशोर सोनी ने कोतवाली पुलिस से शिकायत किया है कि 22 मई की रात चोरों ने दरवाजे का कुंडी तोड़कर बोर मशीन, कटर मशीन सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए। मकान मालिक के मुताबिक 2 मई को भी चोरों ने घर में रखे सामान को चोरी कर ले गए थे।

### जिला विभाजन के बाद बदल गया कोरिया का भूगोल, जिले का स्थापना दिवस आज

# 28 बरस बाद भी कोरिया में कई सुविधाएं नहीं



कलेक्टर कार्यालय।



झूमका जलाशय।




सोनहत का गुरूघासीदास राष्ट्रीय उद्यान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छग राज्य स्थापना के पूर्व अविभाजित मप्र के दौरान सरगुजा जिले का विभाजन कर कोरिया जिले का गठन आज के दिन 25 मई 1998 को हुआ, तब होली और दीवाली एक साथ मनाई गई।

नवगठित कोरिया जिला कोयले की खान के अलावा समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को समेटे संघर्ष, बदलाव और विकास की एक लंबी यात्रा तय कर आज 28 साल पूरे कर लिए। इस बीच कोरिया जिले के विकास में कई उतार-चढ़ाव भी देखे, इस लंबे सफर के दौरान जिले में बुनियादी सुविधाओं और अधोसंचरना के क्षेत्र में अपनी एक अलग पहचान बनाई, वहीं हाल के वर्षो में कोरिया जिले का विभाजन कर दिया गया, इससे इसकी भौगोलिक और प्रशासनिक सीमाओं को पूरी तरह से बदल कर रख दिया गया। जिले के विभाजन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि व अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन पर लंबे समय तक बैठे और विभाजन पश्चात खड़गवां जनपद को कोरिया में शामिल करने की मांग को पूरजोर तरीके से उठाया( आज खड़गवां का कुछ पंचायत ही कोरिया जिले को मिली। स्वयं जनपद मुख्यालय खड़गवां आज एमसीबी जिले का हिस्सा बनकर रह गया, जबकि खड़गवां से बैकुंठपुर की दूरी मात्र 30 किमी है।

⏭ शेष पेज 4 पर

### विधि कॉलेज की उम्मीद अधूरी

बैकुंठपुर में विधि संकाय खोले जाने की मांग समय समय पर उठती रही, लेकिन इस दिशा में अब तक सार्थक पहल नहीं हो पाई। विधि संकाय की सुविधा नहीं होने के कारण कानून की पढ़ाई करने के लिए यहां के विद्यार्थियों को अंबिकापुर या बिलासपुर की ओर रूख करना पड़ता है। यही कारण है कि जिला न्यायालय बैकुंठपुर में महिला अधिवक्ताओं की संख्या गिनती के हैं।

### हवाई पट्टी की घोषणा भी हवा हवाई

कोरिया जिले में एक अदद हवाई पट्टी भी नहीं है, इसके लिए पूर्व में तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा कोरिया जिले में हवाई पट्टी बनाने की घोषणा की गई थी, इसके लिए अधिकारियों के द्वारा जमीन का चिन्हांकन भी किया गया ,जिसका ग्रामीणों के द्वारा विरोध किया गया और अब तक जिले में हवाई पट्टी बनाने की घोषणा सिर्फ हवा हवाई ही रह गई।

# भाजपा झुझोप्र कोरिया की नई टीम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

भारतीय जनता पार्टी झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ कोरिया द्वारा जिला एवं मंडल स्तर की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां प्रदेश संयोजक संजू नारायण सिंह के निर्देशानुसार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के मार्गदर्शन में जिला संयोजक रोशन राजवाड़े द्वारा घोषित की गई।

जिला स्तर पर संतोष यादव, अभिजीत दुबे एवं गोलू गुप्ता को जिला सह संयोजक बनाया गया है। श्याम खलखो को जिला कोषाध्यक्ष एवं बनवारी लाल राजवाड़े को जिला सह कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। अमयलाल पंडो को जिला कार्यालय मंत्री तथा जवाहर साहू को जिला सह कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। सोशल मीडिया प्रभार में ओम प्रजापति को जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं संजय पैकरा को जिला सह सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया है। गोपाल सोनी को जिला मीडिया प्रभारी एवं उमाशंकर राजवाड़े को जिला सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। मनोज कुमार को जिला संवाद प्रमुख एवं नीरज राजवाड़े को जिला सह संवाद प्रमुख नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार गदल साय राजवाड़े को जिला योजना प्रभारी एवं सुरेन्द्र राजवाड़े को जिला सह योजना प्रभारी बनाया गया है। मन की बात कार्यक्रम के लिए अशोक राजवाड़े को प्रभारी एवं सत्यम यादव को सह प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंडल स्तर पर बैकुंठपुर में अग्निमंत्र सिंह चंदेल को संयोजक तथा सुरेश तिर्की एवं हरी राजवाड़े को सह संयोजक बनाया गया है। चरचा मंडल में शरद सिंह संयोजक तथा अर्जुन कुमार एवं पिताम्बर राजवाड़े सह संयोजक नियुक्त हुए हैं। सलका मंडल में दीपक दास को संयोजक एवं रोशन विश्वकर्मा तथा रितुराज मानिकपुरी को सह संयोजक बनाया गया है। कुड़ेली मंडल में संतोष यादव को संयोजक तथा महेश राजवाड़े एवं अशोक यादव को सह संयोजक बनाया गया है। पटना मंडल में सन्नी सिंह को संयोजक तथा परमेश्वर प्रजापति एवं राहुल राजवाड़े को सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। बचरापोड़ी मंडल में

⏭ शेष पेज 4 पर

# मंत्री ने मृतका के परिजन से की मुलाकात



**बिजुरी।** नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित माईनस कॉलोनी में विगत दिनों एक युवती शिवांगी परिवर्तित नाम के साथ हुई लूट और नृशंस हत्या की घटना से पूरे क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है।

इस हृदय विदारक घटना के बाद कोतमा विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार में मंत्री दिलीप जायसवाल पीड़ित परिवार से मिलने उनके निवास पहुंचे और परिजन को सांत्वना दी। मंत्री श्री जायसवाल ने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त की तथा घटना की जानकारी ली। उन्होंने परिजन को ढांढस बंधाते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरी सरकार और प्रशासन उनके साथ मजबूती से खड़ा है। घटना की कड़ी निंदा करते हुए मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि बेटी के साथ दरिंदगी करने वाले आरोपियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों को मामले की त्वरित जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पीड़ित परिवार को शीघ्र न्याय दिलाने के लिए प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। मंत्री ने कहा कि पुलिस लगातार मामले की जांच में जुटी हुई है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कानून के तहत कठोर दंड दिलाया जाएगा, ताकि समाज में ऐसे अपराधियों के खिलाफ कड़ा संदेश जाए। इस दौरान नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्ष सहबीन पनिका, उपाध्यक्ष प्रीति शर्मा, वार्ड पार्षद अन्नू देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पलटी, महिला की मौत, 12 घायल

**आमाडाडं के समीप स्टेट हाइवे पर देर रात हुआ दर्दनाक सड़क हादसा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ अनूपपुर

जिले के रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत आमाडाडं के समीप स्टेट हाईवे पर देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियों वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में वाहन सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 12 अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायल एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं, जो दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होकर वापस लौट रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भीषण थी कि वाहन पलटते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही रामनगर थाना प्रभारी सुमित कौशिक पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस की मदद से डायल-112 वाहन द्वारा सभी घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिजुरी पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शासकीय अस्पताल बिजुरी में पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन को सौंप दिया गया। पुलिस हादसे के कारणों की जांच में जुटी हुई है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और संवेदना का माहौल बना हुआ है।





अस्पताल में भर्ती घायल।

### भीषण गर्मी से लोगों को हलाकान, दोपहर में सड़कें सूनी

# आज से नवतपा की शुरुआत, आसमान से बरस रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

सूर्य के आज रोहणी नक्षत्र में प्रवेश करने के साथ ही नवतपा की शुरूआत हो जाएगी। कोरिया जिले में नवतपा की शुरूआत होने के पूर्व से ही गर्मी से लोगों को हलाकान होना पड़ रहा है।

नवतपा के एक दिन पूर्व रविवार को शहर का अधिकतम तापमान 43 डिग्री दर्ज की गई, वहीं मौसम के शुष्क रहने एवं सुबह से लगातार तेज धूप के कारण दोपहर के पूर्व से ही आग उगलती सूरज के तपिश से लोग झुलस रहे हैं, इसके चलते दोपहर के समय शहर की मुख्य सड़के व बाजार स्थल क्षेत्र में लोगों की आवाजाही बेहद कम हो जाती है। जानकारी के अनुसार 25 मई से शुरू हो रहे नवतपा के दौरान अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में और भी बढ़ोतरी होने की संभावना है, इससे गर्मी और ज्यादा सताएगा। हालत है कि अपरान्ह बाद 5 बजे तक सूर्य की तीखी किरणे शरीर को चुभो रही है, ऐसे में आगामी 2 जून नौ दिनों तक लोगों को भीषण गर्मी से हलाकान होना पड़ेगा। इस दौरान अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है।



### बिजली कटौती से लोग परेशान

इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है, इससे राहत पाने के लिए लोग कुलर पंखे का सहारा ले रहे हैं, लेकिन वह भी तेज गर्मी के सामने ज्यादा राहत नहीं दे पा रही है। इसी बीच बिजली की आंख मिचौली से लोगों को सबसे ज्यादा परेशान होना पड़ता है। शहर क्षेत्र में बीते कई दिनों से अघोषित रूप से बिजली कटौती दिन व रात कभी भी होते रहती है, इसे लेकर विभाग की व्यवस्था को लेकर लोगों में नाराजगी रहती है।

### हुई बारिश तो सूखे की संभावना

नवतपा के दौरान सूर्य धरती अन्य दिनों की अपेक्षा काफी निकट रहते हैं, ऐसे में सूर्य की किरणे धरती पर सीधी पड़ती है, इससे धरा खूब तपती है, मान्यता है कि नवतपा के दौरान यदि बारिश होती है तो सूखे पड़ने की संभावना बढ़ जाती है,लेकिन इस दौरान बारिश नहीं होती और धरती खूब तपती है तो मानसूनी सीजन में बारिश की ज्यादा होती है।








## खबर संक्षेप

### बचत खाता खोलने डाक विभाग का दो दिवसीय अभियान 25 से

**अम्बिकापुर।** लोगों को सुरक्षित निवेश और वित्तीय रूप से सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा सभी डाकघरों में 25 और 26 मई को अल्प बचत खाता खोलने का विशेष अभियान चलाया जायेगा। अभियान के दौरान कोई भी नागरिक सरकारी योजनाओं में निवेश कर सकता है। अभियान के दौरान कोई भी व्यक्ति मासिक आय योजना, वरिष्ठ नागरिक बचत योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, सार्वजनिक भविष्य निधि, आवर्ती जमा खाता, सावधि जमा खाता और सामान्य बचत खाता खुलवा सकता है।

### कल्याणपुर जंगल पहुंचे 6 हाथी फसलों को किया तबाह

**अम्बिकापुर।** बलरामपुर वनमण्डल के सीमावर्ती जंगल में एक सप्ताह तक भ्रमण करने के बाद 6 हाथियों का दल वापस कल्याणपुर जंगल में लौट आया है तथा लगातार ग्रीष्मकालीन धान एवं सब्जियों की फसल को तबाह कर रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि हाथी शाम होते ही मुख्य मार्ग के निकट पहुंच जा रहे हैं जिससे दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। हालांकि वनकर्मी एवं हाथी मित्रदल के सदस्य हाथियों की नियमित निगरानी कर रहे हैं। हाथी कभी संभाग मुख्यालय के निकट कुल्हाड़ी पहुंच जा रहे हैं तो कभी सूरजपुर वनमंडल अंतर्गत कल्याणपुर जंगल सहित आसपास के सब्जियों के खेत में तबाही मचा रहे हैं। वर्तमान में 4 हाथी कुल्हाड़ी जंगल में जबकि 2 हाथी झालारिया दोपहर में भ्रमण कर रहे है। वन अमला मार्ग से आवागमन करने वाले लोगों को सावधानी बरतने एवं रात में मार्ग से आवागमन नहीं करने की सलाह दे रहा है।

### गोविंदपुर समिति में नहीं पानी की व्यवस्था, किसान परेशान



**प्रतापपुर।** आदिम जाति सेवा सहकारी समिति गोविंदपुर में इन दिनों किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है तथा रोजाना सैकड़ों किसान समिति पहुंच रहे हैं। भीषण गर्मी के बीच समिति में पानी की व्यवस्था नहीं होने से किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। समिति परिसर में न तो पीने के पानी की व्यवस्था है न ही किसानों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह है। दूरदराज से आने वाले किसान घंटों धूप में खड़े रहने मजबूर है। किसानों ने बताया कि गर्मी के कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन इस ओर न तो समिति प्रबंधक ध्यान दे रहे हैं न ही ग्राम पंचायत द्वारा कोई व्यवस्था की गई है। किसानों ने समिति परिसर में जल्द पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की है।

### कृषि महाविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**अम्बिकापुर।** राजमोहिनी देवी कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र तथा परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में अधिष्ठाता डॉ.एसके सिन्हा, सह संचालक अनुसंधान डॉ.केएल पैकरा एवं कीट अनुसंधान परियोजना के मुख्य अन्वेशक डॉ.पीके भगत की उपस्थिति में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विशेषज्ञों ने मधुमक्खियों के संरक्षण, शहर उत्पादन की उन्नत तकनीकों एवं स्वरोजगार की संभावनाओं पर विस्तार से जानकारी दी। अधिष्ठाता डॉ.सिन्हा ने बताया कि मधुमक्खियां कृषि उत्पादन बढ़ाने, जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। मधुमक्खी पालन न केवल अतिरिक्त आय का सशक्त माध्यम है बल्कि ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर भी प्रदान करता है। डॉ.केएल पैकरा ने मधुमक्खी कॉलोनी प्रबंधन, शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं विपणन संबंधी तकनीकी जानकारी प्रदान की। डॉ.पीके भगत ने बताया कि विश्व मधुमक्खी दिवस मधुमक्खी संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। मधुमक्खी से शहद, मोम, रॉयल जेली, पराग, प्रोपोलिस तथा मधुमक्खी के लिये सालभर फूल वाले खेती की जानकारी दी।

## गर्म हवा के थपेड़ों से जनजीवन प्रभावित

# भीषण गर्मी से फिलहाल राहत की नहीं है उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- 11 बजते ही सड़के हो जा रही सूनी

आगामी चार-पांच दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानी आगामी दिनों में भी दिन का तापमान 41-42 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहने एवं गर्म हवाएं चलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

इस साल अप्रैल के महीने से ही मौसम में लगातार बदलाव हो रहा है। कभी भीषण गर्मी पड़ रही है तो तापमान में तेज गिरावट हो रही है। सामान्यतया अप्रैल से जून मध्य तक भीषण गर्मी पड़ती है। मौसम विज्ञान की भाषा में भीषण गर्मी पड़ने से राजस्थान में लो प्रेशर बनता है जो मानसून को आकर्षित करता है। इससे मानसून की गति तेज हो जाती है तथा मानसून निर्धारित समय पर दस्तक देता है। इस बार अप्रैल में अच्छी गर्मी पड़ी तथा 30 अप्रैल को तापमान 41.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इधर उत्तर भारत में पछुआ विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने के कारण मई की शुरूआत में ही तापमान में तेज गिरावट होने के कारण गर्मी से राहत रही। पहली बार 18 मई को तापमान 40.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया तथा चार दिन पूर्व दिन का तापमान 42.4 डिग्री पहुंच गया था। इसके बाद से तापमान में मामूली उतार-चढ़ाव के साथ 41-42 डिग्री सेल्सियस के मध्य रहा है। मौसम विज्ञानी के अनुसार वर्तमान में राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है तथा मध्यभारत सहित देश के विभिन्न हिस्सों में पहुंच रही है जिसके कारण छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है। इसके विपरीत उड़ीसा, पश्चिम बंगाल सहित आसपास के क्षेत्रों के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण प्रभावी है। उत्तर भारत में एक पछुआ विक्षोभ भी सक्रिय है। राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ने के कारण गर्म हवाएं ऊपर की ओर जा रही है खाली जगह को भरने आसपास की हवा पहुंच रही है। राजस्थान का यह लो-प्रेशर दक्षिण-पश्चिम मानसून को गति दे रहा है। मानसून अण्डमान सागर की यात्रा पर है। राजस्थान में लो-प्रेशर बनने की प्रक्रिया अप्रैल से ही शुरू हो जाती है लेकिन इस बार अनेकों मौसमी व्यवधान आने के कारण यह प्रक्रिया बाधित रही। हालत यह है सुबह 11 बजते ही सड़के सूनी हो जाती हैं। गर्मी बढ़ने के कारण रात में भी राहत नहीं मिल रही है। मौसम विज्ञानी आगामी सप्ताह 27 मई तक एक पछुआ विक्षोभ के प्रभाव से कहीं-कहीं बौछारे पड़ने एवं तापमान में गिरावट होने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।



### मध्य भारत के ऊपर बना हीट डोम

इस बार मौसम में कुछ अलग बदलाव देखा जा रहा है। मौसमी बदलाव के कारण मध्य भारत के ऊपर एक प्रति चक्रवात प्रभावी है। प्रति चक्रवात घड़ी की विपरीत दिशा में घूमता है जिसके कारण तेजी से गर्म हवाएं पहुंच रही है। इसके साथ ही मध्यभारत, उत्तर भारत एवं विदर्भ के ऊपर एक हीट डोम प्रभावी है। गर्म हवा की मोटी परत सतह की गर्मी को बाहर नहीं निकलने दे रहा है जिससे झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। मौसम विज्ञानी तीन-चार दिन बाद खाड़ी में हलचल शुरू होने के बाद एक बार फिर मौसम में बदलाव आने तथा गर्मी से राहत मिलने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। लम्बे अर्से बाद मध्य भारत में हीट डोम बनने को असामान्य एवं बड़ी घटना माना जा रहा है। इस बार अधिक गर्मी पड़ने के पीछे अप्रैल में वायुदाब में कमी, मध्यभारत के ऊपर प्रति चक्रवात के प्रभावी होने एवं कमजोर पछुआ विक्षोभ को कारण माना जा रहा है। वैसे भी मई में धरती एवं सूर्य की दूरी कम हो जाती है तथा सूर्य की किरणें धरती पर लम्बवत पड़ती हैं जिसके कारण तेज गर्मी पड़ती है। इस बार उत्तर भारत में लगातार पछुआ विक्षोभ सक्रिय हुए लेकिन कमजोर होने के कारण काफी कम वर्षा हुई तथा मार्च-अप्रैल से ही मौसम शुष्क बना रहा। खाड़ी में भी कोई ताकतवर लो-प्रेशर एवं अवदाब सक्रिय नहीं हुआ।

### पड़ सकता है अलनीनों का प्रभाव

इस बार मानसून काल में अलनीनों के प्रभावी होने को लेकर काफी चर्चाएं चल रही है। मौसम विज्ञानी के अनुसार प्रशांत महासागर में अभी अलनीनों जन्म ले रहा है। अलनीनों का आकार लेना लम्बी प्रक्रिया है तथा भविष्य में अलनीनों के प्रभाव को लेकर अलग-अलग कयास लगाए जा रहे हैं। अलनीनो कब तक प्रभावी होगा तथा उसका प्रभाव हिंद महासागर पर पड़ेगा या नहीं इसका अभी कोई भरोसा नही है। अगर अलनीनो हिन्द महासागर को प्रभावित नहीं किया तो भारत पर इसका कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। अलनीनों के प्रभावी होने पर अगस्त की बारिश प्रभावित हो सकती है तथा लम्बा मानसून ब्रेक होने पर गर्मी भी बढ़ सकती है। हालांकि मौसम विज्ञानियों ने पूर्व में ही 92-94 फीसदी वर्षा होने का अनुमान लगाया है। मौसम विज्ञानी के अनुसार हिंद महासागर के द्विध्रुव के अनुकूल रहने पर अच्छी वर्षा होती है।

### प्रभावी है गर्म हवा का घेरा

वर्तमान में मध्य भारत के ऊपर गर्म हवा का बड़ा घेरा लम्बे-चौड़े क्षेत्र पर बना है। इस हीट डोम के कारण मध्य भारत में भीषण गर्मी का असर देखा जा रहा है

-अक्षय मोहन भट्ट, मौसम विज्ञानी

# सिलफिली में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर शनिवार की दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ग्राम सिलफिली स्थित आकाशवाणी चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान लगभग 22 वर्षीय ऋतिक के रूप में हुई है। जयनगर पुलिस ने बताया कि ऋतिक अपने एक साथी के साथ अंबिकापुर निवासी अरविंद गुप्ता की बाइक से लटोरी आया था। बताया जा रहा है कि लटोरी पहुंचने के बाद उसने अपने साथी को वहीं छोड़ा और किसी निजी कार्य से अकेले बिश्रामपुर की ओर निकल पड़ा। इसी दौरान सिलफिली के आकाशवाणी चौक के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भयावह थी कि युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। दुर्घटना की सूचना मिलते ही जयनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन अज्ञात वाहन का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

मामले में एक और पेचीदगी तब सामने आई जब मृतक के साथ आए युवक ने पुलिस को बताया कि उसे ऋतिक के परिजनों के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। ऐसे में पुलिस को मृतक की पहचान और उसके परिवार तक सूचना पहुंचाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल पुलिस मृतक के परिजनों की तलाश में जुट गई है और आसपास के थानों व परिचितों से संपर्क कर जानकारी एकत्र की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक कपड़ा दुकान में काम करता था,लोगों का कहना है कि आकाशवाणी चौक के आसपास अक्सर भारी वाहन तेज गति से गुजरते हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है।



घटना स्थल मृतक।

# आकाशवाणी ने 90 वर्ष पूर्ण होने पर किया गया वाकाथान

- जनप्रतिनिधियों-अधिकारियों ने साझा किए रेडियों से जुड़े अनुभव

**अंबिकापुर।** शनिवार को आकाशवाणी इके 90 वर्ष पूरे हुए। आकाशवाणी की इस उपलब्धि को सरगुजा में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर में वाकाथान का आयोजन किया गया। इस वाकाथान में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, युवाओं के साथ ही आकाशवाणी के वर्तमान एवं पूर्व कलाकारों, प्रस्तुतकर्ताओं, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वाकाथन की शुरुआत आकाशवाणी अंबिकापुर परिसर से हुई। यात्रा गांधी चौक, संगम चौक, देवीगंज रोड होते हुए महामाया चौक पहुंची और पुनः आकाशवाणी परिसर लौटकर संपन्न हुई।

रेडियो से जुड़े लोगों ने कहा कि रेडियो आज भी समाज के हर वर्ग को जोड़ने वाला सबसे विश्वसनीय और प्रभावी माध्यम बना हुआ है। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व सहायक निदेशक कार्यक्रम प्रमेन्द्र कुमार ने सभी विशिष्ट अतिथियों एवं आगंतुकों का स्वागत पुष्पगुच्छ, टी-शर्ट एवं वाकाथन की विशेष टोपी भेंट कर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लुण्ड्रा विधायक प्रबोध मिंज ने कहा कि रेडियो आज भी समाज के हर वर्ग तक पहुंच रखने वाला प्रभावी माध्यम है। उन्होंने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का उल्लेख करते हुए कहा कि रेडियो संवाद का सबसे सशक्त मंच बना हुआ है। जिला भाजपा अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि फुलवारी और युववाणी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से उनका आकाशवाणी से गहरा जुड़ाव रहा है। आईजी दीपक कुमार झा ने कहा कि मोबाइल युग में भी रेडियो सबसे विश्वसनीय सूचना और मनोरंजन का माध्यम बना हुआ है। उन्होंने जयमाला, कृषि जगत और बिनाका गीतमाला जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों को याद करते हुए कहा कि एक समय पूरा देश रेडियो के आसपास जुट जाता था। उन्होंने अमीन सयानी को स्मरण करते हुए कहा कि रेडियो लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का कार्य करता है। एएसपी राजेश अग्रवाल ने कहा कि बचपन से लेकर आज तक रेडियो से उन्होंने बहुत कुछ सीखा है। गांव की चौपालों में बैठकर रेडियो सुनने की स्मृतियों को साझा करते हुए उन्होंने युववाणी, चौपाल और गीत-संगीत आधारित कार्यक्रमों का उल्लेख किया। नगर निगम सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि आकाशवाणी ने देश की आवाज, भारत की आवाज के रूप में ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में अपनी गहरी पहचान बनाई है।




पार्षद आलोक दुबे ने कहा कि उनके परिवार के सदस्य आकाशवाणी में अधिकारी के रूप में कार्यरत रहे हैं। उन्होंने बहुचर्चित धारावाहिक "भोको दास" और सरगुजिहा भाषा में प्रसारित चौपाल कार्यक्रम को याद किया। माता राजा रानी हॉस्पिटल के डायरेक्टर नरेंद्र सिंह टूटेजा ने आकाशवाणी के पुराने दिनों को याद किया। पार्षद विजय सोनी, आयुक्त नगर निगम डीएन कश्यप, पार्षद पपिंदर सिंह, कैलाश मिश्रा, पार्षद शशिकांत जायसवाल, कांत दुबे, रवि शंकर पांडेय, शैलेश कुमार सिंह,पशु चिकित्सक डॉ. सीके मिश्रा, कृषि विज्ञान केंद्र अंबिकापुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संदीप शर्मा, हमर हाथी हमर गोठ के प्रस्तुतकर्ता अमलेंदु मिश्रा, आदित्य नारायण वर्मा, प्राचार्य रविशंकर पांडेय, रत्नेश पांडेय, रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य मुकेश तिवारी, सुनील दुबे सहित अनेक लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए।

# पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों के खिलाफ कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा, एनएच किया जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर



पेट्रोल डीजल के बढ़ती कीमत के खिलाफ शनिवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा एनएच 43 पर मदनपुर में चौदहा पेट्रोल पंप के समीप चक्काजाम कर राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन गया। चक्काजाम के दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर ईंधन के दामों को तत्काल कम करने की मांग की। इसके बाद राज्यपाल के नाम कलेक्टर व एसडीएम को एक ज्ञापन सौंप ईंधन की लगातार बढ़ती कीमतों से उत्पन्न गंभीर जन समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि डीजल के दामों में अप्रत्याशित बढ़ोतरी के कारण मालभाड़े ट्रांसपोर्टेशन में भारी वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएं, फल, सब्जियां और खाद्य सामग्रियां आम जनता की पहुंच से बाहर होती जा रही हैं। वर्तमान में कृषि कार्य पूरी तरह से आधुनिक मशीनों पर निर्भर है। डीजल पंप, ट्रैक्टर और अन्य कृषि उपकरणों में लगने वाले ईंधन के महंगे होने से किसानों की लागत दोगुनी हो गई है, जिससे किसान कर्ज के दलदल में डूबते जा रहे हैं। रोजमर्रा के काम-धंधे, व्यवसाय और पढ़ाई के लिए आवागमन करने वाले मध्यम वर्ग और छात्र-छात्राओं का मासिक बजट इस मूल्य वृद्धि के कारण पूरी तरह से बिगड़ चुका है।इस दौरान कांग्रेस पदाधिकारीयों ने कहा कि अगर सरकार ने जल्द ही इन बढ़ती कीमतों पर लगाम नहीं लगाई और आम जनता, किसानों व युवाओं को राहत नहीं दी, तो यह आंदोलन आगे चलकर और उग्र रूप लेगा। उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान लें। इस दौरान पूर्व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े, नीरज सिंह, रोहन राजवाड़े, रूपदेव कुशवाहा, अरविंद सिंह, विष्णु विश्वास, दिलीप शाहा, पीयूष कुशवाहा, सुकुमार मंडल, मुकेश मृधा, दुष्यंत तिवारी, रतन माली, आंचल रूची टोप्पो, बलराम शील, विकास जायसवाल, जगेश्वर यादव व अन्य उपस्थित थे।

# पुलिस को मिली मोबाइल फोरेंसिक वैन की सौगात

- पुलिस को मिली मोबाइल फोरेंसिक वैन की सौगात

**सूरजपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से जिले को अत्याधुनिक मोबाइल फोरेंसिक वैन की सौगात मिली है। शनिवार को कोतवाली से मोबाइल फोरेंसिक वैन को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भीमसेन अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी एवं एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर हरी झण्डी दिखाकर वाहन को रवाना किया। अब तक अपराध स्थल से साक्ष्यों को प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगने के कारण साक्ष्यों के दूषित होने और जांच रिपोर्ट में विलंब की संभावना बनी रहती थी। नई मोबाइल फोरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही साक्ष्य संरक्षण, प्रारंभिक परीक्षण और डिजिटल दस्तावेजीकरण संभव हो सकेगा, जिससे जांच की गुणवत्ता और गति दोनों में महत्वपूर्ण सुधार होगा।



छत्तीसगढ़ पुलिस ने अपराध जांच को मजबूत करने के लिए 32 अत्याधुनिक मोबाइल फॉरेंसिक वैन का संचालन हाल ही में प्रारंभ कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 18 मई को रायपुर के माना पुलिस परेड ग्राउंड से इन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इसी क्रम में सूरजपुर में मोबाईल फारेंसिक वैन का शुभारंभ किया गया है। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने मोबाइल फॉरेंसिक वैन की विशेषताएं बताते हुए कहा कि अब सटिक जांच होगी जिससे त्वरित न्याय मिल सकेगा, नए कानूनों का मुख्य उद्धेश्य वैज्ञानिक साक्ष्य पर आधारित जांच को बढ़ावा देना है जो विश्वसनीय, निष्पक्ष और न्यायालय में अधिक प्रभावी सिद्ध होगें। इस वैन की उपलब्धता से अब मौके पर त्वरित जांच घटना स्थल पर ही फिंगर प्रिंट, रक्त के नमूने और कपड़ों के रेशे जैसे महत्वपूर्ण वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किए जाएंगे। यह वैन आधुनिक उपकरण से लैस है जिनमें डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, नार्कोटिक्स परीक्षण किट और फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम शामिल हैं। अब घटना स्थल से साक्ष्य नष्ट होने की संभावना नहीं के बराबर होगी और न्याय प्रक्रिया में तेजी आएगी। यह वैन जनरेटर सुविधा से भी लैस है जहां बिजली की सुविधा नहीं होगी वहां यह जनरेटर 5 घंटे तक बिजली की रोशनी में कार्य कर सकेगा।



# मूक बधिर विद्यालय के बच्चे अब रायपुर के शासकीय कालेज से प्राप्त करेंगे उच्च शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सरगुजा संभाग के प्रथम श्रवणबाधित दिव्यांग विद्यालय ज्ञानोदय मूक बधिर विद्यालय बिश्रामपुर का शैक्षणिक सत्र 2025-26 के कक्षा 10 वीं और 12 वीं बोर्ड का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। इस संबंध में विद्यालय के संचालक विजयराज अग्रवाल ने कहा कि विद्यार्थियों एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम और दृढ़ इच्छा की बदौलत ही ये संभव हुआ है।

श्रवणबाधित विद्यार्थी जो बोलने और सुनने में अक्षम होते हैं, इसी वजह से बोलकर याद न कर पाने की असमर्थता के कारण उनकी याददाश्त भी ज्यादा नहीं होती है। अगर बार-बार रिपिट न किया जाए तो वो भूल जाते हैं। विद्यालय के बच्चों ने अपनी दृढ़ इच्छा शक्ति और आगे बढ़ने की जिद का परिचय देते हुए बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक अर्जित कर उत्तीर्ण हुए हैं। उन्होंने बताया कि संस्था ने 12 वी उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालयीन शिक्षा के लिए शासकीय दिव्यांग महाविद्यालय माना कैम्प रायपुर में भेजने का निर्णय लिया है, इसके लिए अभिभावकों से सहमति भी ले ली गई है। ये विद्यार्थी चार वर्षों तक वहां रह कर महाविद्यालयीन शिक्षा भी प्राप्त करेगें और व्यावसायिक कौशल की प्रशिक्षण भी लेगें। विद्यालय के 19 विद्यार्थियों ने कक्षा 10 वीं बोर्ड और 11 विद्यार्थियों ने कक्षा 12 वीं की परीक्षा दी थी। कक्षा 10 वीं में कुमारी संतोषी सिंह ने 68.6 प्रतिशत एवं कुमारी प्रिया मानिकपुरी ने 60.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई है। इसके अतिरिक्त कक्षा 10 वीं के सभी विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुए है। कक्षा 12 वीं में विद्या सिंह ने 52.8 प्रतिशत एवं मानसी देवांगन ने 50 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं अपने माता-पिता का नाम रोशन किया है। विजय राज अग्रवाल ने कहा कि विद्यालय को कक्षा 10 वीं तक की मान्यता प्राप्त है किन्तु निर्धन परिवारों के मूक बधिर बच्चों के लिए बाहर जाकर आगे पढ़ना संभव नहीं होता है तो ऐसी स्थिति में संस्था विद्यालय में बच्चों को रख कर कक्षा 12 वीं तक की शिक्षा पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध कराती है, ताकि निर्धन दिव्यांग बच्चों की शिक्षा बाधित न हो।

# प्रतीक्षा बस स्टैंड में बंद वाटर एटीएम होंगे चालू

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- महापौर ने दो दिन में व्यवस्था दुरूस्त करने किया निर्देशित





महापौर परिषद के सदस्य, जल प्रदाय विभाग के प्रभारी जितेन्द्र सोनी व सफाई विभाग के प्रभारी ममता तिवारी ने प्रतीक्षा बस स्टैण्ड का निरीक्षण कर सुविधाओं का जायजा लेकर महापौर को स्थिति से अवगत कराया था।

महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के निर्देश पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ दोनों एमआईसी सदस्यों ने पेयजल, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए थे। जितेंद्र सोनी ने बताया कि प्रतीक्षा बस स्टैण्ड स्थित बंद पड़े वाटर एटीएम व वाटर कूलर को चालू करा दिया गया है तथा पीने का पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गयी है। सफाई विभाग द्वारा सफाई कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। यूरिनल व सार्वजनिक शौचालय में बिजली व्यवस्था, सिविल सुधार कार्य एवं दुकान संचालकों को व्यवस्थित करने के लिए नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों को दो दिन का समय दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रतीक्षा बस स्टैण्ड सहित गांधीनगर सब्जी बाजार, गुदरी बाजार स्थित एटीएम की भी मरम्मत कराई गई है। ननि क्षेत्रान्तर्गत कुल 8 वाटर एटीएम संचालित है जिनका संधारण संबंधित एजेंसी द्वारा 5 वर्ष तक किया जाना था। एजेंसी वाटर एटीएम स्थापित करने के बाद संधारण कार्य नहीं कर रही थी जिससे उपकरण बंद पड़े थे। महापौर श्रीमती मंजूषा भगत एवं जल प्रदाय विभाग के प्रभारी द्वारा लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए निकाय के सभी वाटर एटीएम की मरम्मत करने निर्देशित किया है। प्रथम चरण में तीन वाटर एटीएम को निकाय मद से मरम्मत करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। द्वितीय चरण में कंपनी बाजार, सरगंवा (वाटर पार्क), शासकीय जिला अस्पताल, मैरीन ड्राइव, स्टेडियम ग्राउंड के सामने स्थापित वाटर एटीएम का सुधार कार्य कराया जाएगा। विगत वर्ष भी इन वाटर एटीएम सुधार कराया गया था। इस दौरान आकाश गुप्ता, अनिल तिवारी, शैलेंद्र शर्मा, जल एवं विद्युत अधिकारी प्रशांत खुल्लर, सफाई विभाग से शक्ति पाण्डेय, स्वर्ण मेहता, राजस्व अधिकारी विजय कुजूर, शिवेंद्र बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे।



# ग्राम तुलसी में ग्रामीण के घर से 6 टन अवैध कोयला जब्त

**बिश्रामपुर।** पुलिस चौकी लटोरी ने अवैध कोयला भंडारण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम तुलसी घंटापारा निवासी एक व्यक्ति के कब्जे से करीब 6 टन कोयला जप्त किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 23 मई को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम तुलसी घंटापारा निवासी पुरुषोत्तम कुजूर अपने घर में अवैध रूप से कोयला संग्रहित कर बिक्री के लिए रखा हुआ है। सूचना के आधार पर चौकी लटोरी पुलिस ने मौके पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान आरोपी पुरुषोत्तम कुजूर पिता नधिया कुजूर, उम्र 42 वर्ष, निवासी तुलसी घंटापारा, चौकी लटोरी, थाना जयनगर, जिला सूरजपुर के घर की परछी एवं कोठार से करीब 6 टन कोयला बरामद किया गया। जप्त कोयले की अनुमानित कीमत लगभग 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने चोरी का संदेह होने पर कोयले को धारा 35(1) बीएनएसएस एवं 303(2) बीएनएस के तहत जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



# जैकी और शरद की डरावनी 'खेती' का मोशन पोस्टर जारी

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ ने अपने फिल्मी करियर में एक्शन, थ्रिलर, पारिवारिक ड्रामा और कॉमेडी फिल्मों के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। अब वह भूतिया फिल्म के जिरए लोगों को डराने की तैयारी कर रहे हैं। इसमें उनका साथ शरद केलकर देंगे। फिल्म का शीर्षक 'खेती' रखा गया है, जिसका पहला मोशन पोस्टर भी सामने आ गया है। हारिस इम्तियाज खान द्वारा लिखित और निर्देशित इस फिल्म का निर्माण ब्लैककैनवास स्टूडियो के बैनर तले हुआ है। पोस्टर में एक खेत को दर्शाया गया है, जिसके पीछे एक डरावने और रहस्यमयी व्यक्ति की झलक नजर आती है। बैकग्राउंड में एक डरावनी और रहस्यमयी ध्वनि शामिल है।

लाइफ Style



# भूमि

## दलाई लामा से मिलकर आंखों से छलके आंसू

अभिनेत्री भूमि पेडनेकर एक बार फिर से चर्चा में हैं। इसका कारण उनकी आगामी परियोजना नहीं, बल्कि एक सोशल मीडिया पोस्ट है जो अब वायरल हो रहा है। अपनी इस पोस्ट में अभिनेत्री ने बताया कि आखिर किससे मिलकर उनकी आंखें नम हो गईं।

एजेंसी ⏭ मुंबई


दरअसल, भूमि ने हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला की अपनी यात्रा की तस्वीरें साझा की हैं और बताया कि उनकी मुलाकात परम पावन दलाई लामा से हुई। उन्होंने तस्वीरों के जरिए मुलाकात का अनुभव साझा किया है। उन्होंने लिखा, 'परम पावन दलाई लामा की उपस्थिति में, सबकुछ हल्का, शांत और अलौकिक-सा महसूस हुआ। जैसे ही मैं वहां से उठी, मुझे एहसास हुआ कि मेरी आंखों से आंसू बह रहे हैं। यह एक ऐसा एहसास है जिसे मैं पूरी तरह बयां नहीं कर सकती, बस गहराई से महसूस कर सकती हूं। मैं एक अंतर्मुखी यात्रा पर हूं और जादू के ये पल मेरे दिल को उस जीवन के लिए कृतज्ञता से भर देते हैं जो हमें मिला है।' अभिनेत्री ने आगे लिखा, 'सचमुच धन्य हूं कि मुझे इतनी शांति, कृपा और करुणा का अनुभव हुआ। यह एक ऐसी स्मृति है जिसे मैं हमेशा अपने साथ रखूंगी।' साथ में सफेद दिल वाला इमोजी भी जोड़ा। उनकी पोस्ट पर उनके फैंस भी अपना प्यार लुटा रहे हैं। काम की बात करें, तो भूमि को आखिरी बार सीरीज अमेजन प्राइम वीडियो की सीरीज 'दलदल' में देखा गया था। पिछले साल वह 'द रॉयल्स' में दिखी थीं, जिसमें ईशान खट्टर भी थे।

## हॉलीवुड मसाला




# चश्मा के कारण हुई ट्रोल

**लॉस एंजेलिस।** किम कार्दशियन अक्सर अपने फैशन से लोगों का ध्यान खींच लेती हैं और चर्चा का विषय बन जाती हैं। एक बार फिर वह अपने नए लुक की वजह से चर्चा का विषय बन गई हैं। फैशन की दुनिया की बड़ी हस्ती ने हाल ही में एक ऐसा शानदार लुक अपनाया, जिसने ऑनलाइन चर्चा छेड़ दी। इस बार वह अपने बड़े-से काले धूप के चश्मे को लेकर ट्रोल हो गई हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में देखा जा सकता है कि किम एक बोल्ड एनिमल-प्रिंट ड्रेस में हैं।




# एंजेलिना की बेटी ने हटाया पिता का सरनेम

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की चर्चित अभिनेत्री एंजेलिना जोली और अभिनेता ब्रैड पिट की बेटी जहरा मार्ले जोली एक बार फिर सुर्खियों में हैं। दरअसल, जहरा ने अपने नाम से पिता ब्रैड पिट का सरनेम हटा दिया। इस खबर के बाद सोशल मीडिया पर उनको लेकर काफी चर्चा हो रही है। दरअसल, जहरा ने हाल ही में साइकोलॉजी सबजेक्ट में बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री हासिल की। कॉलेज के ग्रेजुएशन सेरेमनी में जब वह डिग्री लेने के लिए स्टेज पर पहुंचीं, तो उनका नाम 'जहरा मार्ले जोली' पढ़ा गया। हालांकि, कॉलेज में आधिकारिक रूप में उनका पूरा नाम 'जहरा मार्ले जोली-पिट' लिखा हुआ था, लेकिन स्टेज पर उनके नाम से 'पिट' हटाए जाने को वहां मौजूद लोगों ने नोटिस किया। नवंबर 2023 में जब जहरा एक छात्र संगठन 'अल्फा कप्पा अल्फा सोरोरिटी' में शामिल हुई थीं।



# 'टॉक्सिक' में धाकड़ होगा महिलाओं का किरदार

**मुंबई।** अभिनेता यश अपनी आने वाली फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन-अप्स' की जमकर तारीफ कर रहे हैं। उनका कहना है कि ये कोई साधारण या आम गैंगस्टर (गुंडों वाली) फिल्म नहीं है। इस फिल्म की निर्देशक गीतू मोहनदस हैं। फिल्म में कियारा आडवाणी और नयनतारा भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी। यश के मुताबिक, ये फिल्म इंसानी भावनाओं की गहराई को दिखाती है और इसमें कहानी को बिल्कुल नए और दमदार तरीके से पेश किया गया है। यश ने गीतू मोहनदास की निर्देशन शैली को अप्रत्याशित बताया है। उन्होंने कहा, हर सीन में कुछ नया देखने को मिलता है, कहानी का रुख बदल जाता है। उन्होंने फिल्म में महिला किरदारों को 'धाकड़' बताया है, जो उनकी ताकत और जिंदा रहने की ललक को उजागर करती है।



# प्रकाश राज ने पूरी की दृश्यम-3 की शूटिंग

**मुंबई।** अभिनेता प्रकाश राज ने अपनी आने वाली फिल्म 'दृश्यम 3' की शूटिंग पूरी कर ली है। ये अजय देवगन अभिनीत एक हिंदी क्राइम थ्रिलर है। उन्होंने सेट से एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, 'एक शानदार टीम के साथ गजब का शूट खत्म हुआ। इस फिल्म का हिस्सा बनकर बहुत मज़ा आया। मुझे पूरा यकीन है कि ये आपको भी बहुत पसंद आएगी... अब अगली फिल्म की ओर।' बता दें कि ये फिल्म अक्टूबर, 2026 में सिनेमाघरों में आएगी। निर्देशक अभिषेक पाठक की ये फिल्म विजय सालगांवकर और उनके परिवार की कहानी आगे बढ़ाएगी। कहानी में दिखाया जाएगा कि कैसे परिवार एक अपराध को छिपाने के बाद उसके नतीजों से जूझता है। फिल्म में अजय देवगन, तब्बू और श्रिया सरन अपनी पहले वाली भूमिकाओं में ही दिखेंगे।

## टीवी मसाला



# सिंगर बनने मुंबई आई थीं सुगंधा मिश्रा, फिर ऐसे बनी कॉमेडियन

**मुंबई।** भारत की फेमस कॉमेडियन और सिंगर सुगंधा मिश्रा किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। वो अपने अब तक के करियर में कई कॉमेडी शोज में नजर आ चुकी हैं, लेकिन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' से उन्हें एक अलग ही पहचान मिली। इस शो में उन्होंने विद्यावती का किरदार निभाया था। आपको ये जानकर हैरानी होगी कि सुगंधा कॉमेडियन नहीं, बल्कि सिंगर बनना चाहती थी। सुगंधा 23 मई को अपना 38वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। आइए इस मौके पर उनकी जिंदगी से जुड़ी दिलचस्प बातें जानते हैं।

***संगीत घराने से रखती हैं ताल्लुक :*** सुगंधा मिश्रा का जन्म 23 मई, 1988 को पंजाब के जलंधर में हुआ है। उन्होंने गुरु नानक देव यूनवर्सिटी से पढ़ाई की और म्यूजिक भी सीखा। बचपन से ही सुगंधा सिंगर बनना चाहती थीं और उन्होंने 14 साल की उम्र से गाना शुरू कर दिया था। सुगंधा का संगीत से ताल्लुक बचपन से ही रहा है। दरअसल, वो संगीत से जुड़े प्रतिष्ठित इंदौर घराना से ताल्लुक रखती हैं। वो अपने परिवार की चौथी पीढ़ी हैं, जिन्होंने संगीत में करियर बनाया। बता दें कि सुगंधा ने संगीत की शिक्षा अपने दादाजी पंडित शंकर लाल मिश्रा से ली थी।

***कपिल शर्मा को देती हैं क्रेडिट :*** सुगंधा मिश्रा ने 'सारेगामापा सिंगिग सुपरस्टार' नाम के रियलिटी शो में हिस्सा लिया था और थर्ड रनर अप रहीं। इसके बाद सुगंधा को 'द ग्रेट इंडियन लाफ्टर चैलेंज' के ऑडिशन में चुना गया था, जिसके बाद वह स्टैंड-अप कॉमेडियन बन गईं। वो अपने कॉमेडियन बनने का क्रेडिट कपिल शर्मा को देती हैं, जिसका जिक्र उन्होंने 2014 में दिए एक इंटरव्यू में भी किया था।

## टीवी पर आ रहा नया शो 'सैराब'

स्टार प्लस का आने वाला सीरियल 'सैराब' पिछले एक हफ्ते से खूब चर्चाओं में हैं। हालांकि अब फैंस का इंतजार खत्म हो गया हैं क्योंकि हाल ही में




स्टार प्लस और शो के मेकर्स ने इसके लीड कलाकारों के नाम से पर्दा हटा दिया है और नए रोमांटिक जोड़ी के नामों का ऐलान कर दिया हैं. चैनल ने ऑफिशियली इस रोमांटिक ड्रामा के लीड का नाम बताया कि इस बार 'सैराब' में मदिराक्षी मुंडले और रोहित चंदेल की जोड़ी देखने को मिलेगी। कुछ दिनों पहले ही शो का टीजर रिलीज किया था, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। शो में रोहित एक सिंगिंग सेंसेशन और पॉप स्टार के रूप में नजर आएंगे, जिसकी लाइफ शोहरत, जुनून और इमोशंस से भरी हुई हैं। वहीं मदिराक्षी की स्क्रीन प्रेजेंस भी बहुत ही शानदार देखने को मिली। ये शो 2 जून से शाम 7:30 बजे टीवी पर प्रसारित होने वाला है. आप इसे टीवी के अलावा ओटीटी प्लेटफार्म जियो हॉटस्टार पर भी आसानी से देख सकते हैं।

# अक्षय कुमार ने संवारा कश्मीर का ये सरकारी स्कूल, 1 करोड़ के दान से हुआ कायाकल्प

***जम्मू।*** *अक्षय कुमार ने एक बार फिर अपनी दरियादिली से सबका दिल जीत लिया है। अभिनेता द्वारा दिए गए 1 करोड़ रुपये के भारी-भरकम दान ने जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में स्थित एक सरकारी स्कूल की सूरत पूरी तरह बदल कर रख दी है। अक्षय की इस मदद से स्कूल की एक नई और अत्याधुनिक बिल्डिंग बनकर तैयार हो चुकी है, जिसने कश्मीरी बच्चों के बेहतर भविष्य की नई राह खोल दी है।*

### अक्षय के पिता के नाम पर बनी नई बिल्डिंग

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में गुरेज घाटी के सुदूर सीमावर्ती इलाके में स्थित गवर्नमेंट मिडिल स्कूल नेरो तुलेल के लिए अक्षय ने 2021 में 1 करोड़ रुपये दान किए थे। इस योगदान का उपयोग स्कूल का एक नया ब्लॉक बनाने के लिए किया गया है, जिससे स्थानीय बच्चों के लिए संस्थान के बुनियादी ढांचे में सुधार हुआ है। अक्षय के पिता की याद में इस नई बिल्डिंग का नाम श्री हरि ओम भाटिया एजुकेशन ब्लॉक रखा गया है।



### अक्षय के प्रयास से सुदूर कश्मीरी गांव में मजबूत हुई शिक्षा की नींव

इस दौरे के दौरान अक्षय ने बीएसएफ जवानों से भी मुलाकात की, उनके साथ तस्वीरें खिंचवाईं और उनके साथ डांस भी किया था। नई बिल्डिंग का निर्माण पूरा होने के साथ छात्र अब बेहतर शैक्षणिक माहौल में पढ़ाई कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों और स्कूली बच्चों ने कहा कि इन सुविधाओं ने स्कूल के अनुभव को बेहतर बनाया है और सुदूर सीमावर्ती गांव में रहने वाले बच्चों के लिए भविष्य की शैक्षिक संभावनाओं को मजबूत करने में मदद की है।

### एलओसी पर बच्चों के हालात देख पिघला था अक्षय का दिल

नई बिल्डिंग में अब क्लासरूम, एक कंप्यूटर लेबोरेटरी, एक लाइब्रेरी और शिक्षकों के लिए ऑफिस स्पेस है, जबकि छात्रों को एक साफ-सुथरे और बेहतर माहौल में सरकार की 'मिड-डे मील' (मध्याह्न भोजन) योजना का लाभ भी मिल रहा है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, साल 2021 में अक्षय बीएसएफ के निमंत्रण पर एलओसी पहुंचे थे। तुलेल गांव के दौरे के दौरान उन्होंने बच्चों और स्कूल की स्थिति देखकर इस स्कूल के लिए 1 करोड़ रुपये दान देने की घोषणा की थी।

# 'राजा शिवाजी' बनी सबसे तेजी से 100 करोड़ कमाने वाली पहली मराठी फिल्म



**मुंबई।** रितेश देशमुख के निर्देशन और अभिनय वाली फिल्म 'राजा शिवाजी' 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा सबसे तेजी से छूने वाली मराठी फिल्म बन गई है। फिल्म की चर्चा हर तरफ है। सिनेमाघरों में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ रही है और दर्शक इसे बार-बार देखने भी आ रहे हैं। यही वजह है कि ये फिल्म पूरे महाराष्ट्र और उससे बाहर भी एक बड़ा सांस्कृतिक पल बन गई है।

***देशमुख की 'मुंबई फिल्म कंपनी' दे रही हिट फिल्में :*** ये कामयाबी रितेश और जेनेलिया देशमुख की 'मुंबई फिल्म कंपनी' के बेहतरीन रिकॉर्ड में एक और मील का पत्थर साबित हुई है। पिछले 10 सालों में इस कंपनी ने 'बालक पालक' (जिसे नेशनल अवॉर्ड मिला), 'येलो' और 'लाई भारी' जैसी कई हिट फिल्में दी हैं। 'राजा शिवाजी' की बात करें तो इसमें संजय दत्त, विद्या बालन, महेश मांजरेकर और खुद जेनेलिया जैसे बड़े कलाकार भी शामिल हैं।

## मां-बेटी का ये पल इंटरनेट पर छाया हुआ है

# कान्स 2026: आराध्या ने किया अंतर्राष्ट्रीय रेड कार्पेट पर डेब्यू, लाइमलाइट लूटी

***मुंबई।*** *कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 के मंच से कुछ बेहद खूबसूरत और यादगार तस्वीरें सामने आई हैं। बॉलीवुड की 'ग्लोबल क्वीन' ऐश्वर्या राय बच्चन की बेटी आराध्या बच्चन ने अंतरराष्ट्रीय रेड कार्पेट पर अपना शानदार डेब्यू कर लिया है। अब तक अपनी मां के साथ सिर्फ एक साथी के रूप में दिखने वाली 14 साल की आराध्या इस बार खुद स्पॉटलाइट में रहीं और अपने लुक से पूरी लाइमलाइट लूट ली। मां-बेटी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।*



### फैंस बोले- ये तो छोटी ऐश्वर्या है

आराध्या पिछले कई सालों से अपनी मां के साथ कान्स फिल्म फेस्टिवल में आ रही हैं, लेकिन ये पहली बार है, जब उन्होंने अपनी मां के साथ रेड कार्पेट पर जलवा बिखेरा और तस्वीरों के लिए पैपराजी को जमकर पोज दिए। सोशल मीडिया पर फैंस ने इस मां-बेटी की जोड़ी की जमकर तारीफ कर रहे हैं। एक ने लिखा, 'रानी और राजकुमारी'। कुछ लोग आराध्या को छोटी ऐश्वर्या बता रहे हैं। एक ने लिखा, 'बिल्कुल मां पर गई है आराध्या।'

इसके 1 साल बाद ऐश्वर्या आधिकारिक तौर पर लॉरियल की ग्लोबल एंबेसडर बनीं और तब से लेकर आज तक वो कान्स के रेड कार्पेट पर भारत का सबसे लोकप्रिय चेहरा बन चुकी हैं।

### लाल परी बनकर सबका ध्यान खींचा

आराध्या ने आखिरकार कान्स फिल्म फेस्टिवल में आयोजित एक इवेंट में अपनी मां के साथ अपना आधिकारिक रेड कार्पेट डेब्यू कर ही लिया। उन्होंने लाल रंग का एक चमकदार गाउन पहना था, जिसमें पीछे एक सुंदर सा लहराता हुआ कपड़ा लगा था। इस बार सबका ध्यान आराध्या ने ही अपनी तरफ खींचा। लाल परी बनीं आराध्या जैसे ही मां के साथ रेड कार्पेट पर उतरीं, सारे कैमरे उनकी तरफ घूम गए। मां-बेटी का ये पल इंटरनेट पर छाया हुआ है।

### नीले रंग के गाउन में भी खूब चमकी थीं ऐश

ऐश्वर्या ने फिर साबित कर दिया कि क्यों उन्हें कान्स में भारत का सबसे भरोसेमंद और सदाबहार आइकॉन माना जाता है। इससे पहले उन्होंने डिजाइनर अमित अग्रवाल के बनाए एक बेहद अनोखे और शाही ब्लू गाउन में खूब सुर्खियां बटोरी थीं, जिसे स्टाइलिस्ट मोहित राय के साथ मिलकर तैयार किया गया था। फेस्टिवल के दौरान ऐश्वर्या को लॉरियल की साथी ब्रांड एंबेसडर और हॉलीवुड अभिनेत्री ईवा लोंगोरिया के साथ भी बहुत गर्मजोशी से मिलते और बातचीत करते हुए देखा गया।



## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत आम निर्वाचन हेतु अभ्यर्थियों की महत्वपूर्ण बैठक



बिश्रामपुर। नवगठित नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के आम निर्वाचन अंतर्गत 1 अध्यक्ष एवं 15 वार्डों के पार्षद पदों हेतु निर्वाचन की सुचारू, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्नता के उद्देश्य से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर के सभाकक्ष में अध्यक्ष एवं पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों की एक बैठक आयोजित की गई।बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर श्रीमती शिवानी जायसवाल द्वारा अभ्यर्थियों को निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों एवं मतदान संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देशों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने अवगत कराया कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर हेतु मतदान दिनांक 1 जून सोमवार को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक ईवीएम के माध्यम से कुल 15 मतदान केन्द्रों पर संपन्न होगा। मतगणना 4 जून गुरुवार को प्रातः 9 बजे से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (आजाक) बिश्रामपुर में होगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत शिवनन्दनपुर के सभी 15 वार्डों में कुल 4642 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिनमें 2335 पुरुष मतदाता एवं 2307 महिला मतदाता शामिल हैं।

### किकबॉक्सिंग में खिलाड़ियों ने जीते 10 स्वर्ण सहित 14 पदक



**अंबिकापुर**। कोरबा में आयोजित 13वीं स्टेट किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप में सरगुजा जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। 20 मई को आयोजित इस प्रतियोगिता में फीलानंदम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के योध्दा क्लब में प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों ने 14 पदक अपने नाम किए जिनमें 10 स्वर्ण पदक और 4 रजत पदक शामिल हैं। प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक सरवर एक्का, आशीष तिर्की, सिद्धांत लकड़ा, अमन जेनिश, अनीश एक्का, न्यूटन कुजूर, लकी ठाकुर, खेलावन दास, प्रीति पैकरा, स्वाति राजवाड़े ने हासिल किया। इसके साथ ही रजत पदक अयान कुमार सिंह, मनोरंजन, आकाश सोनवानी, सोनिया सिंह ने हासिल किया। इस उपलब्धि पर फीलानंदम स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के डायरेक्टर अतुल मेहता एवं रेखा मेहता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही सरगुजा जिला किकबॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष दीपक सूर्यवंशी, सचिव सरवर एक्का, कोषाध्यक्ष वर्षा गुप्ता, उप सचिव नितिन श्रीवास्तव ने सफलता पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि सरगुजा के खिलाड़ी आने वाले समय में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

## जश्ने जबां जैसे आयोजन से प्रतिभाओं को अवसर, आरू-ओम जैसे प्रख्यात युवाओं ने बांधी समां

# सुंदरपुर विद्यालय के छात्रों ने मलखंभ में दिखाया हुनर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले में झुमका तट पर बने हुए ओपन एयर थियेटर में आयोजित दो दिवसीय जश्ने जबां का शुभारंभ विधायक भईयालाल राजवाड़े द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, वरिष्ठ साहित्यकार, विभिन्न विधाओं के कलाकार और काफी संख्या में कोरियावासी उपस्थित रहे। साईनाथ फाउंडेशन रायपुर के तत्वाधान में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में साहित्य संस्कृति और लोक कला का अनूठा संगम हो रहा है। प्रथम दिन विधायक भईया लाल राजवाड़े ने दीप प्रज्जवलित कर आयोजन की शुरूआत की।

क्षेत्रीय विधायक श्री राजवाड़े ने इस आयोजन के औपचारिक उद्घाटन कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जश्ने जबां जैसे प्रख्यात आयोजन में मंच पाकर नई-नई कला प्रतिभाओं को अवसर मिल रहा है, इससे आने वाले समय में कोरिया जिले के युवाओं को प्रदेश और देश स्तर पर प्रदर्शन का अवसर मिल सकेगा। जश्ने जबां के सातवें संस्करण के लिए आयोजक संस्था साईनाथ फाउंडेशन को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए मंच से बधाई दी। अतिथि देवेन्द्र तिवारी ने अपने उद्बोधन में युवाओं को आगे बढ़कर अपने कला के प्रदर्शन से जिले का नाम रौशन करने का आह्वान किया। आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए उन्होंने जिले की सभी कला प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। जश्ने जबां के प्रथम दिन उपस्थित मुख्य अतिथि अतिथि बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े और भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी द्वारा लिखित प्रथम उपन्यास यक्षिणी का विमोचन किया। अतिथियों ने शासकीय सेवा में रहते हुए लेखन कर्म करते हुए उपन्यास लिखने पर डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी को बधाई दी। विधायक श्री राजवाड़े ने कहा कि जल्द ही वह पूरा उपन्यास पढ़कर अपनी प्रतिक्रिया देंगे। इस अवसर पर लेखक के पिता मदन मोहन चतुर्वेदी ने भी अपने उद्बोधन में डॉ.आशुतोष की उपन्यास लिखने पर सुखद आश्चर्य व्यक्त करते हुए बधाई और शुभकामनाएं दीं। जश्ने जबां के मंच पर ओपन माइक से कार्यक्रम की श्रृंखला शुरू हुई, जिसमें जिले की विशिष्ट गायन प्रतिभा मास्टर ओम अग्रहरि ने शमा बांध दिया, इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति में रायपुर से आई संगीता नृत्य अकादमी के दल ने कथक की प्रस्तुति दी। जश्ने जबां के प्रथम दिन आखिरी कार्यक्रम में मंच पर आई प्रख्यात लोक गायिका, छग रत्न सुश्री आरू साहू ने देर रात तक भजन और लोक गीतों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया।





### कोरिया के 82 युवाओं ने दिखाए हुनर



जश्ने जबां के सातवें संस्करण में पहले दिन आयोजित हुए विभिन्न विधाओं के प्रस्तुति में जिले की 82 प्रतिभाओं को मंच से अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर प्राप्त हुआ। पहले सचिन गुप्ता, सोनम सोनी, ओम अग्रहरी जैसे युवाओं ने गायन में हुनर दिखाया, उसके बाद सुंदरपुर विद्यालय के 40 छात्र -छात्राओं के दल ने मलखंभ में अपना जौहर दिखाया। साथ ही स्थानीय लोक नर्तक दल के 30 सदस्यों ने अपनी कला का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों को उत्साह से भर दिया। काव्य पाठ में बैकुंठपुर से तारा पाण्डे, सुनील शर्मा, मंच संचालन में अलीशा शेख जैसे युवाओं ने कला प्रदर्शन किया, इसके अलावा रायपुर से आए कवि पंकज रामभक्त, शिल्पा पांडेय अंबिकापुर सुमित देवांगन बैंड ग्रुप, दीपिका राजवाड़े, अभिजीत सिंह चिरमिरी और अतुल चौबे ने मंच से प्रस्तुति दी। आयोजन में आभार प्रदर्शन रूद्रनारायण मिश्रा ने किया। इस दौरान पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष शैलेश शिवहरे, योगेश शुक्ला, शैलेन्द्र शर्मा, प्रवीन्द सिंह, अरूण जैन, योगेन्द्र मिश्रा, महेन्द्र वैद्य, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, वरिष्ठ साहित्यकार वीरेन्द्र श्रीवास्तव, संतोष जैन, गौरव अग्रवाल, योगेश गुप्ता, ताहिर आजमी, संवर्त कुमार, आशीष सिंघानिया, श्वेता सोनी, आयुष नामदेव सहित काफी संख्या में साहित्य प्रेमी, दर्शक, श्रोता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मुख्यालय डीएसपी राजेश साहू, श्याम मधुकर, कोतवाली प्रभारी राजेश तिवारी, पटना थाना प्रभारी प्रमोद पांडे, सब इंस्पेक्टर मुनाफ पटेल अपनी टीम के साथ सुरक्षा व्यवस्था में डटे रहे।

# रामानुजनगर क्षेत्र में कोयला चोर गिरोह सक्रिय, बाइक से करते हैं कोयला तस्करी

हरिभूमि न्यूज : रामानुजनगर

गर्मी का मौसम शुरू होते ही एक ओर जहां बड़ी संख्या में अवैध गमला ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है है वहीं दूसरी ओर क्षेत्र में अवैध कोयला के कारोबारी खदान क्षेत्र में न सिर्फ सक्रिय हो गए है बल्कि बड़े पैमाने पर कोयला की तस्करी कर रहे है। ग्रामीण क्षेत्रों में गमला ईंट भट्टे का कारोबार जोरो पर हैं। कई ग्राम पंचायतों में कई गमला ईट भट्ठा संचालित है। हैरानी की बात यह है इन ईट भट्ठे में बड़े पैमाने पर चोरी का अवैध कोयला खपाया जाता है परंतु आज तक प्रशासन द्वारा न तो गमला ईट भट्ठा संचालकों और न ही कोयला तस्करों के विरूद्ध एक बार कार्रवाई की है जिससे अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हो गए है।

विकासखंड रामानुजनगर अंतर्गत ग्राम नकना, बकना, तिवरागुड़ी, द्वारिकापुर, उमापुर, दवना, मांजा, गणेशपुर में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा का संचालित है जबकि अन्य ग्राम पंचायतों में नियम को ताक पर रखकर अवैध तरीके से वन भूमि के साथ राजस्व भूमि की खुदाई कर गमला ईट भट्ठा का धड़ल्ले से संचालित की जा रही है। इन क्षेत्र में ईट बनाने के लिए अवैध रूप से मिट्टी की खुदाई की जाती है जिससे राजस्व को हानि होती है। हैरानी की बात यह है कि इन क्षेत्रों में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा का संचालन कई वर्ष से की जा रही है परंतु जांच व कार्रवाई के नाम पर आज तक किसी प्रकारी की कार्रवाई नहीं हो सकी। हालांकि कुछ लोग अपनी जरूरत व नए मकान निर्माण के लिए गमला ईट भट्ठा लगाते है। परंतु अधिकांश लोग ऐसे है जो इनके आढ़ में अवैध रूप से गमला ईट को व्यवसाय बना लिए है और औने पौने दाम में बिक्री करने में लगे हुए है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके कार्रवाई नहीं करने से इनके हौसले बुलंद हो गए है। चीमनी ईट भट्ठा की अपेक्षा गमला ईट की कीमत कम होने से मांग काफी होती है जिससे अब तक इन क्षेत्रों में लाखों ईट का निर्माण किया जा चुका है वहीं ईट बनाने का कार्य जारी है।



गमला ईंट भट्ठा में चोरी का कोयला।

### चोरी के कोयला से पका रहे ईट



चोरी का कोयला ले जाता युवक।

क्षेत्र में बड़ी संख्या में गमला ईट भट्ठा संचालित है। ऐसे में ईट का पकाने के लिए कोयला की जरूरत होती है। ऐसे में इन गमला ईट भट्ठा में बड़े पैमाने पर चोरी के कोयला का उपयोग किया जाता है। साल्ही अमगांव खदान से लगभग प्रतिदिन 50 से 100 टन कोयला पार कर देते है। ऐसे में प्रबंधन द्वारा लगाया गया सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह बेअसर साबित हो रहा है। सालों से खदान में इसी तरह कोयला चोरी को अंजाम दिया जा रहा है रोजाना 150 से 200 बाइक से कई टन कोयला बाइकर्स गैंग खुलेआम खदान के भीतर बाइक से लोड पार कर दे रहे हैं। बाइकर्स गैंग दिन हो या रात खुलेआम बोरी में कोयला भरकर कर रामानुजनगर की सड़क से गुजरते है और आसपास के ईट भट्ठा में खपाते है।

### की जाएगी कार्रवाई

क्षेत्र में अवैध गमला ईंट भट्ठा संचालित है और ईंट भट्ठा में चोरी का अवैध कोयला खपाया जा रहा है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-मनहरन सिंह राठिया**, तहसीलदार रामानुजनगर

# निकाय चुनाव के लिए मतदाताओं को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में पहली बार हो रहे नगरीय निकाय चुनाव को लेकर चुनावी सरगर्मी लगातार बढ़ती जा रही है। मतदान प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, शांतिपूर्ण और त्रुटिरहित बनाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के उपयोग की जानकारी देने विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में वार्डवार आयोजित कार्यक्रमों में मास्टर ट्रेनरों एवं चुनाव ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों ने ईवीएम मशीन से मतदान करने की पूरी प्रक्रिया का जीवंत प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया। सहायक रिटर्निंग अधिकारी मीना सिंह ने बताया कि नगर पंचायत शिवनंदनपुर के विभिन्न वार्डों में लगाए गए जागरूकता शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, महिला मतदाता, युवा एवं बुजुर्ग शामिल हुए। यहां चुनाव कर्मचारियों ने डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से अवगत कराया कि मतदाता किस प्रकार मतदान केंद्र में प्रवेश करेंगे, मतदाता पर्ची एवं पहचान पत्र का सत्यापन कैसे होगा तथा मतदान कक्ष में जाकर अपने पसंदीदा प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह के सामने लगे बटन को दबाकर वोट डाल सकेंगे। प्रदर्शन के दौरान वीवीपैट मशीन की कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई, जिससे मतदाता यह समझ सकें कि उनका वोट सही प्रत्याशी को दर्ज हुआ है। मास्टर ट्रेनरों ने अवगत कराया कि मतदान के दौरान किसी प्रकार की जल्दबाजी या भ्रम की स्थिति से बचने के लिए मतदाताओं को पहले से प्रशिक्षित किया जा रहा है। खासकर पहली बार मतदान करने वाले युवा मतदाताओं एवं बुजुर्गों में ईवीएम को लेकर उत्सुकता देखी गई। कई महिलाओं ने भी मतदान प्रक्रिया को समझने में विशेष रुचि दिखाई और मशीन के संचालन से संबंधित सवाल पूछे, जिनका कर्मचारियों ने विस्तार से जवाब दिया। उन्होंने बताया कि कि नवगठित नगर पंचायत होने के कारण यहां पहली बार नगरीय निकाय चुनाव कराया जा रहा है, इसलिए मतदाताओं में जागरूकता बढ़ाना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से वार्ड स्तर पर लगातार जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की परेशानी उत्पन्न न हो और अधिक से अधिक लोग अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। चुनावी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कर्मचारियों ने मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने तथा अफवाहों से दूर रहने की अपील भी की। वहीं लोगों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। वार्डों में जगह-जगह चुनावी चर्चाएं तेज हैं और प्रत्याशी भी मतदाताओं तक पहुंचने में पूरी ताकत झोंक रहे हैं। ऐसे में प्रशासन का यह जागरूकता अभियान चुनाव प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित एवं सफल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



# इंजीनियरिंग कॉलेज में नए सत्र से एमबीए सहित कार्यरत पेशेवरों के लिए संचालित होंगे पाठ्यक्रम

अम्बिकापुर। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् ने विवि इंजीनियरिंग कॉलेज का नाम बदलकर शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय कर दिया है। परिषद नए शिक्षा सत्र से कॉलेज को एमबीए सहित कार्यरत पेशेवरों के लिए सिविल इलेक्ट्रिकल एवं माइनिंग संकाय में बीटेक एवं एमटेक पाठ्यक्रम संचालित करने की स्वीकृति प्रदान की है। नवीन पाठ्यक्रमों की स्वीकृति उपरांत शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज प्रदेश का इकलौता ऐसा महाविद्यालय है जो एमबीए के साथ ही कार्यरत पेशेवरों के लिए तकनीकी पाठ्यक्रम में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम संचालिए करेगा। प्राचार्य डॉ.आरके खरे ने बताया कि तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा कार्यरत पेशेवरों के लिए बीटेक अंतर्गत सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग एवं माइनिंग इंजीनियरिंग में 30-30 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है वहीं एमटेक अंतर्गत माइनिंग इंजीनियरिंग, पावर सिस्टम एवं कंट्रोल तथा स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में 15-15 सीटों की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने बताया कि नए पाठ्यक्रम की कक्षाएं जुलाई माह से प्रारंभ होगी। नए पाठ्यक्रम दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र के युवाओं एवं कार्यरत पेशेवरों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होंगे साथ ही कार्यरत तकनीकी कर्मचारियों को उच्च तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। यह पहल नई शिक्षा नीति की भावना के अनुरूप कौशल आधारित एवं लचीली शिक्षा व्यवस्था को सशक्त करेगी तथा कॉलेज भविष्य में तकनीकी शिक्षा, अनुसंधान एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट पहचान बनाएगा।

### एनएच 43 पर पुलिस की सघन जांच अभियान

मनेन्द्रगढ़। जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस अब पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रही है। पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और पुलिस अधीक्षक एमसीबी श्रीमती रत्ना सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष यातायात अभियान के तहत हाइवे पुलिस चौकी नागपुर में लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक और नगर पुलिस अधीक्षक दीपिका मिंज के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक शेषनारायण सिंह द्वारा राष्टीय राजमार्ग सहित प्रमुख मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## // आम सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेसर्स खाड़ा एण्ड खोडरी ब्रिक्स अर्थ क्ले क्वारी एण्ड फिक्स चिमनी प्लान प्रो-श्री अनिल साहू पिता आ. श्री रधुनाथ प्रसाद निवासी डबरी पारा जिला-कोरिया (छ.ग.) को ग्राम-खाड़ा/खोडरी प.ह.नं. 04 रानि.म. बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर के जिला कोरिया के खसरा नंबर 810, 812, 813/1 813/2, 1407, 1408, 1410, 1415, 1418, रकबा 3.44 हेक्टेयर क्षेत्र में मिट्टी ईट उत्खनन क्षमता 5772 घनमीटर प्रतिवर्ष एवं फिक्स चिमनी प्लान हेतु राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ भारत सरकार,पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत द्वारा 18/05/2026 को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय में उपलब्ध है तथा इसे पर्यावरण की प्रति छत्तीसगढ़ वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के वेबसाइट https://Parivesh.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है।

## // आम सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मेसर्स खाड़ा ब्रिक्स अर्थ क्ले क्वारी एण्ड फिक्स चिमनी प्लान प्रो-श्री देवशरण साहू पिता आ. स्व . श्री रामप्यारे साहू निवासी खाड़ा तहसील - बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया (छ.ग.) को ग्राम खाड़ा प.ह.नं. 04 रा.नि.म. बैकुण्ठपुर तहसील बैकुण्ठपुर के जिला कोरिया के खसरा नंबर 1315, 1317 रकबा 1.14 हेक्टेयर क्षेत्र में मिट्टी ईट उत्खनन क्षमता 1,133.76 घनमीटर प्रतिवर्ष एवं फिक्स चिमनी प्लान हेतु राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण, छत्तीसगढ़ भारत सरकार, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत द्वारा 18/05/2026 को पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति छत्तीसगढ़ राज्य पर्यावरण संरक्षण मंडल कार्यालय में उपलब्ध है तथा इसे पर्यावरण की प्रति छत्तीसगढ़ वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के वेबसाइट https://Parivesh.nic.in/ पर भी देखा जा सकता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 28 बरस बाद...

विभाजन के बाद जिले का बदला भूगोल- कोरिया जिले के इतिहास में सबसे बडे बदलाव का गवाह जिले का विभाजन रहा। कोरिया जिले का विभाजन कर नया एमसीबी जिला का गठन किया गया। विरोध के बावजूद मांगों को पूरा नहीं किया गया। इस विभाजन के बाद कोरिया जिले का भूगोल ही बदल गया। जिले का विभाजन कर नया जिला एमसीबी की तुलना में कोरिया छोटा हो गया और इस छोटे जिले में विकास की जिम्मेदारी कम नहीं हुई, अब भी कोरिया जिले को विकास के उच्च पायदान पर ले जाने के लिए प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के सामने बड़ी चुनौती है। लंबे सफर में क्या खोया क्या पाया- कोरिया जिला गठन के आज 25 मई को 28 साल पूरे हो गए। इस दौरान कोरिया जिले के विकास को लेकर कई उतार-चढ़ाव भी देखने को मिले। इस दौरान कोरिया जिले को कुछ सौगाते भी मिली, लेकिन उम्मीद के अनुरूप विकास की सौगात नहीं मिल पाई, बल्कि विकास के सोपान पर धीरे-धीरे आगे बढ़ रहे कोरिया का विभाजन कर देना जिले के इतिहास में दर्ज हो गया। कोरिया जिले के गठन के पश्चात से अब तक स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई, लेकिन अब भी दोनों क्षेत्र में चुनौती बनी हुई है। इन वर्षों में कोरिया जिला सहित जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में सुविधाओं का विस्तार हुआ, लेकिन अब भी यहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी बरकरार है। कई मामलों में सुविधा के अभाव में बडे शहरों के लिए रिफर कर दिया जाता है, वहीं कोरिया जिले में जल जीवन मिशन के तहत गांव-गांव में लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की कवायद भी पूरी नहीं हो पाई है। आज भी जिले के कई गांवों में लोगों को शुद्ध पेयजल नहीं मिल पा रही। पर्यटन से नई पहचान की उम्मीद- कोरिया जिला कोयले की खान की वजह से ही नहीं वरन सघन वनों एवं प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थलों के कारण भी जाना जाता है। कोरिया जिले में स्थित गुरूघासीदास तमोर पिंगला, टाईगर रिजर्व क्षेत्र देश के पर्यटन नक्शे में कोरिया को पहचान दिलाई है, इसके अलावा भी कोरिया जिले में ऐसे प्राकृतिक एवं ऐतिहासिक महत्व के स्थल है जो कि प्रागैतिहासिक काल एवं रामायण काल के समय के हैं। एसे स्थलों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसीत कर पहचान दिलाने की जरूरत है।

### भाजपा झुझोप्र कोरिया...

सुमार लाल सिरदार संयोजक तथा किशुन यादव एवं संजय सिंह सह संयोजक नियुक्त किए गए हैं। सोनहत मंडल में मनोज भगत को संयोजक एवं सुरेन्द्र राजवाड़े तथा आनंद प्रसाद पनिका को सह संयोजक बनाया गया है। भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ समाज के अंतिम व्यक्ति तक संगठन की विचारधारा एवं सरकार की योजनाओं को पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं जिला संयोजक रोशन राजवाड़े ने सभी पदाधिकारियों से संगठन विस्तार एवं जनसेवा में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।







